तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार, 26 जुलाई 2025

11 जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को भखारा में



12 लघु उद्योगों से महिला सशक्तिकरण को मिलेगा ...





कम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### पंचायत भृत्यों की बैठक 27 को

**सांकरा।** नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भृत्यों की बैठक 27 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे मां शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में बैठक आयोजित की गई है, जिसमें संघ की गतिविधियों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में प्रांताध्यक्ष सोमनाथ तारक विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी अध्यक्ष रूपेश पटेल, सचिव देवीचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर ने दी है।

### स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक 27 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी की मासिक बैठक 27 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे खेल मैदान कुरूद में रखी गई है। संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू एवं सोशल मीडिया प्रभारी दयानंद साहू ने बताया है कि बैठक में प्रदेश स्तर पर 16 जून से चल रहे आंदोलन के संबंध में चर्चा की जायेगी। कुरूद ब्लाक अध्यक्ष नुतन कुमार साहू, धमतरी ब्लाक अध्यक्ष डामन सिन्हा, नगरी ब्लॉक अध्यक्ष रविशंकर चेलक एवं मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण 28 से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग प्रशिक्षण 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके लिए जिले के ऐसे ग्रामीण युवा, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो और वे स्वरोजगार के इच्छुक हैं, से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर की तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने में छात्रों की रूचि घटी

## तीन बार निकली मेरिट लिस्ट फिर भी 55 प्रतिशत सीट खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीजी कॉलेज की तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद भी 55 प्रतिशत सीट खाली है। यह केवल धमतरी जिले के कॉलेज की स्थिति नहीं है, बल्कि प्रदेश के अन्य कॉलेजों में भी यही स्थिति है। सीट भरने के लिए अब चौथी मेरिट लिस्ट निकालने की तैयारी चल रही है।

स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने के बाद भी छात्रों का करियर सुधर नहीं रहा है। यही कारण है कि छात्रों का मन धीरे-धीरे अब डिग्री कॉलेज की पढ़ाई से उबने लगा है। आप्शन के लिए वे यहां पर एडमिशन के लिए फार्म तो भर देते हैं। इसके साथ इंजीनियरिंग, आईटीआई, पालीटेक्निक, एमबीए सहित अन्य कोर्स के लिए फार्म भरते हैं। एडमिशन के लिए प्राथमिकता वे तकनीकी शिक्षा को दे रहे हैं। यही कारण है कि लगातार तीसरी मेरिट



लिस्ट निकालने के बाद भी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में काफी कम छात्रों ने एडमिशन लिया है। एलएलबी, बीएससी, बीकॉम जैसी कक्षाओं में जहां कभी एडमिशन के लिए छात्रों की होड़ लगी रहती थी, उन कक्षाओं में काफी सीट रिक्त है। बीसीए, डीसीए से कम्प्यूटर कोर्स की 25 प्रतिशत सीट भी नहीं भर पाए हैं।

उल्लेखनीय है कि एडमिशन कम्पलीट करने के लिए कॉलेज प्रशासन पर दबाव भी है। इसके चलते एडमिशन चालू होने से पहले ही कॉलेज प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर छात्रों को कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए प्रेरित किया गया था। इसके बाद भी सीट रिक्त रह गई है। अब सीटों को भरने के लिए शनिवार को चौथी लिस्ट निकालने की तैयारी है।

### कक्षाएं कैसे करें शुरू

निर्देश के अनुसार 1 जुलाई से कॉलेज की कक्षाएं शुरू हो जानी थी, लेकिन एडमिशन काफी कम होने पर केवल औपचारिक रूप से कक्षाएं शुरू की जा सकी हैं। जानकारी के अनुसार पीजी कॉलेज में स्नातक की 1290 में मात्र 663 और स्नातकोत्तर की 750 सीट में 265 छात्रों ने ही दाखिला लिया है। ऐसे में कॉलेज की आधी से ज्यादा सीट खाली है। पढ़ाई शुरू भी हो जाती है तो एडमिशन कम्पलीट होने के बाद बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई से वंचित हो जाएंगे। ऐसे में एडमिशन प्रक्रिया के कम्पलीट होने का इंतजार किया जा रहा है। 14 अगस्त को एडमिशन प्रक्रिया कम्पलीट होगी। इसके बाद कक्षाओं के फ्लो में आने की उम्मीद है।

### यह है स्थिति

| कक्षा | उपलब्ध सीट | एडमिशन (25 जुलाई तक) |
|---|---|---|
| बीए पार्ट वन | 330 | 206 |
| बीकाम पार्ट वन | 310 | 159 |
| बीएससी बायो | 300 | 187 |
| बीएससी मैथ्स | 150 | 34 |
| बीएससी आईटी | 80 | 35 |
| बीसीए वन | 40 | 18 |
| डीसीए | 40 | 6 |
| होम साइंस | 40 | 18 |
| एलएलबी | 80 | 18 |
| एमए हिन्दी | 40 | 14 |
| एमए इकोनामिक्स | 40 | 10 |
| एमए जियोग्राफी | 40 | 17 |
| एमए पालीटिकल | 40 | 15 |
| एमए हिस्ट्री | 40 | 11 |
| एमए सोशियोलॉजी | 40 | 14 |
| एमए इंग्लिश | 40 | 15 |
| एमएससी केमिस्ट्री | 40 | 17 |
| एमएससी मैथ्स | 40 | 12 |
| एमएससी फिजिक्स | 30 | 14 |
| एमएससी जुलाजी | 40 | 16 |
| एमएससी बॉटनी | 40 | 27 |
| एमएससी आईटी | 30 | 5 |
| एमएससी होम साइंस | 20 | 5 |
| एमकॉम | 50 | 24 |
| पीजीडीसीए | 100 | 31 |

## फर्जी शिक्षाकर्मी भर्ती मामले में एक की अग्रिम जमानत खारिज

- वर्ष 2007 में जनपद पंचायत मगरलोड में शिक्षाकर्मी भर्ती का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाले में एक आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज कर दी गई है। मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी की अदालत में चल रहा है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत के लिए दलील पेश की थी। शासकीय अधिवक्ता मनोहर लाल क्षत्री ने जमानत पर आपत्ति पेश की थी।

आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने बताया कि यह मामला 17 साल पुराना है। वर्ष 2007 में जनपद पंचायत मगरलोड में 172 शिक्षाकर्मियों की भर्ती की गई थी, जिसमें गलत तरीके से और फर्जी, अमान्य दस्तावेजों पर अंक देकर अपात्रों की भर्ती की गई है। जांच में 142 भर्तियां गलत पाई गई हैं। एक मामले में एसटीएसी वर्ग के दो युवकों का अंक कम कर उन्हें शासकीय नौकरी से वंचित किया गया है, जिसके चलते आरोपियों पर एसटीएसी एक्ट के तहत भी धारा लगाई गई है। एक मामले में शिक्षाकर्मी लता साहू पर आरोप है कि उसने फिंगेश्वर के जिस स्कूल से एक साल का अनुभव प्रमाण पत्र पेश किया है, वह फर्जी है। वह जनभागीदारी स्कूल ही नहीं है। इस प्रमाण पत्र के आधार पर उसे 5 अंक दिया गया था। इस मामले में लता साहू के अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत के लिए दलील पेश की थी जिसे निरस्त कर दिया गया है।

### सिर्फ एक आरोपी गिरफ्तार

आरटीआई कार्यकर्ता श्री साहू ने बताया कि इस मामले में तत्कालीन जनपद सीईओ, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, चयन कमेटी के सदस्य, चयनित शिक्षाकर्मी सहित 105 आरोपी हैं। समय पर जांच और कार्रवाई नहीं हुई। इनमें से 16 आरोपियों का निधन हो चुका है। वहीं चार आरोपियों ने हाईकोर्ट बिलासपुर से अग्रिम जमानत ले ली है।

बांसपारा की घटना चाकूबाजी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## युवक पर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मामूली बात को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। घायल को गंभीर हालत में उपचार के लिए रायपुर भेजा गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय बांसपारा निवासी यशराज राव गुरूखेल्ले पिता गोलू उम्र 19 वर्ष गुरुवार की रात्रि मोहल्ले के करणराव जाधव पिता मारूतिराव उम्र 22 वर्ष के साथ बाइक से सामान खरीदने सुलभ चौक के पास स्थित दुकान गया था जहां से सामान खरीदकर वापस मोहल्ले के नंदी चौक पहुंचा था। इसी दौरान उनके पीछे अपने दोस्त के साथ बाइक से आ रहा मोहल्ले का मयंक यादव उर्फ बबलू साइड से कट मारकर आगे निकल गया। यह देख यशराज ने ठीक से बाइक चलाने के लिए





कहा। जिसे सुन मयंक नंदी चौक के पास रूककर यशराज से गाली-गलौज करने लगा। यशराज द्वारा गाली देने से मना करने पर मयंक यादव ने अपने पास रखे धारदार चाकू से यशराज के सीने पर बायीं तरफ प्राणघातक वार कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उसके साथियों ने तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया।

### आरोपी से चाकू व कपड़े बरामद

घायल के साथी करणराव जाधव की शिकायत पर कोतवाली में आरोपी मयंक यादव पिता मोहन यादव उम्र 21 वर्ष नंदीचौक बांसपारा निवासी के खिलाफ धारा 296 एवं 109/1 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। एसपी के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी ने आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिए। विवेचना के दौरान गवाहों से बयान व घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपी मयंक यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने इस घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू व कपड़े को बरामद किया। प्रकरण में पर्याप्त सबूत मिलने पर आरोपी मयंक यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## जहरीली दवा का सेवन कर वृद्ध ने की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक वृद्ध ने जहरीली दवाई निंदानाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम बगौद निवासी चेतनराम पटेल पिता मयाराम उम्र 60 वर्ष किसानी का काम करता था। वह शराब सेवन का आदी था। सप्ताह भर पहले वृद्ध ने घर में रखी निंदानाशक दवाई का सेवन कर लिया था। दवा पीने के बाद वृद्ध को कुछ दिन तो कुछ नहीं हुआ। वह सामान्य रूप से काम कर रहा था। गुरुवार को वृद्ध की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले गए। पूछने पर वृद्ध ने आठ दस दिन पहले दवाई का सेवन करने की जानकारी परिजनों को दी। कुरूद अस्पताल से रिफर करने पर वृद्ध को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार की रात्रि इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वृद्ध द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## चाकू लहराते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तालाबपार में धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे युवक को भखारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

भखारा पुलिस को मुखबिर से ग्राम भेंडसर के शीतला मंदिर तालाबपार में एक युवक द्वारा धारदार चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां टुकेश यादव पिता चंदूलाल उम्र



22 वर्ष ग्राम भेंडसर थाना भखारा निवासी को हाथ में लोहे का धारदार चाकू लेकर लहराते हुए पाया गया। पुलिस को देख युवक बचने के लिए अपने घर में छिप गया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी टुकेश यादव को उसके घर से ही पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से डेढ़ फीट लंबा धारदार चाकू जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भखारा थाना में आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी टुकेश यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।




स्वतंत्र पार्षदों ने कहा - सभी वार्डों में राशि बराबर बांटी जाए

## महापौर से मरम्मत संधारण मद के कार्यादेश को निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरपालिक निगम के चार स्वतंत्र पार्षद प्रकाश सिन्हा, मदन नेवारे, कुशल लोढ़ा, रामेश्वर वर्मा ने महापौर से मिलकर मरम्मत संधारण मद के कार्यादेश को निरस्त कर सभी वार्डों में बराबर राशि बांटने का आग्रह किया है।

पार्षदों ने महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि निगम द्वारा 2025-26 में मरम्मत संधारण मद अंतर्गत जोन क्र. 2 वार्ड क्र. 11 से 20 तक सड़क, पुल पुलिया, नाली, उद्यान भवन निर्माण, पाइप लाइन मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था कार्य के




लिए 21 जुलाई को कार्यादेश जारी किया गया है। इस कार्यादेश में स्वतंत्र पार्षदों के वार्ड पं.श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, टिकरापारा, रामपुर, औद्योगिक वार्ड के लिए स्वीकृति नहीं दी गई है। इसके अलावा अन्य आठ वार्डों को भी शामिल नहीं किया गया है। मद के अभाव में आवश्यक कार्य रूका हुआ है। मद वितरण में असमानता प्रदर्शित हो रहा है। स्वतंत्र पार्षदों ने महापौर से मांग की है कि कार्यादेश को निरस्त कर सभी वार्डों में विभाजन किया जाए। इसके लिए नई निविदा जारी की जाए। पार्षदों ने कहा कि चुनाव के बाद पहली बार यह कार्यादेश जारी हुआ है। आयुक्त ने पार्षदों से कार्य मंगाया था। महापौर ने आश्वस्त किया कि किसी अन्य फंड से उनके वार्डों में विकास कार्य कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भूपेन्द्र को मिली पीएचडी की उपाधि

**जीजामगांव।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करते हुए भूपेन्द्र साहू को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा डॉक्टोरेट, पीएचडी की उपाधि प्रदान



की गई है। उनका शोध विषय छग में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव रहा। डॉ. साहू गुरूर विकासखंड के ग्राम पंचायत पिकरीपार के निवासी हैं। उनके पिता हरिश्चंद्र साहू एवं मां श्रीमती अमृता साहू सदैव समाजसेवा में सक्रिय रहे हैं। इस शोध अध्ययन में उनकी पत्नी श्रीमती चांदनी साहू का भी सहयोग रहा। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा पिकरीपार एवं अरमरीकला से पूर्ण कर उच्च शिक्षा दुर्ग भिलाई से ग्रहण की। वर्तमान में मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोंडागांव में मक्का उपार्जन अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। डॉ. साहू ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शक प्रोफेसर, डॉ अंजु कुमारी सहायक प्राध्यापक, सह शोध निर्देशक डॉ. रविश सोनी समेत अपने परिवार एवं सहयोगियों को दिया है। उन्होंने कहा कि वे समाज और शिक्षा के हित में कार्य करेंगे।

### बेहोशी की हालत में मिले युवक की हुई मौत

**धमतरी।** नाली किनारे बेहोशी की हालत में मिले युवक को अस्पताल पहुंचाने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय गोकुलपुर निवासी महेश रजक पिता रामबगस उम्र 32 वर्ष मजदूरी का काम करता था। गुरूवार की शाम युवक गोकुलपुर में स्थित कालोनी के पास नाली किनारे बेहोश पड़ा हुआ था जिसे उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## निधन

### कुंवरबाई साहू

**अंवरी।** ग्राम बंजारी ( बगौद) निवासी ढेलूराम साहू की धर्मपत्नी कुंवरबाई



साहू 73 वर्ष का निधन 25 जुलाई को हो गया। वे अपने पीछे अपना भरा- पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांति घाट में हुआ। अंत्येष्टि कार्यक्रम में नारायण साहू, सुरेन्द्र साहू, झरांगु, बिसहत, जोहन, बाबूलाल, धनेश, नरेंद्र, युनश, राजू, सुनील, गोविन्द, गौरव समेत स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### नूतनबाई साहू

**धमतरी।** ग्राम बारना निवासी नूतन बाई साहू 59 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में



किया गया। वे शत्रुहन लाल साहू की धर्मपत्नी, आदित्य साहू की मां एवं अनुराग साहू की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में नेहरू निषाद, दयाराम साहू, हेमंत चन्द्राकार, ऋषभ देवांगन, डेरहू राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

:: **आम सूचना** ::

ग्राम नवागांव प.ह.नं.-30 तहसील कुरूद जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर-34/1, 97, 63/19, 53, 62/1, 62/2 रकबा क्रमशः 4.41, 0.08, 0.35, 0.40, 0.13, 0.06 कुल खसरा योग-5 रकबा कुल 5.41 हेक्टेयर जयंत्री बाई बेवा जगदेव दास पनका निवसी नवागांव तहसील कुरूद जिला धमतरी के नाम पर भूमिस्वामी हक पर दर्ज है। उक्त भूमि को पहुपदास पिता फिरन्ता के पुत्र गोपेश दास के द्वारा राजस्व अधिकारियों से सांठ-गांठ कर राजस्व अभिलेख में गुप्त रीति से अपना नाम दर्ज करवाकर उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे हैं। उक्त भूमि के सम्बंध में जयंत्री बाई के विधिक वारिसानों के द्वारा व्यवहार वाद प्रस्तुत किया जाना है।

अतः इस आम सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि को क्रय विक्रय करने से बचे एवं अनावश्यक वाद से बचें। तदानुसार सूचना जारी है।

दिनांक : 25.7.2025

**भवदीय**
**किशन दास**
**पिता श्री भवानीदास मानिकपुरी**
**ग्राम नवागांव (उमरदा)**
**थाना तहसील कुरूद जिला धमतरी**

संकरी में प्राशा, माशा व हाईस्कूल के अतिरिक्त कक्ष का किया लोकार्पण

# शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा : अजय





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम संकरी के हाईस्कूल भवन में शुक्रवार को हाईस्कूल के अतिरिक्त कक्ष, प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष व माध्यमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद ने किया। विधायक ने लाल रिबन काटकर लोकार्पण समारोह का शुभारंभ किया।

विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता शिक्षा के स्तर को सुधारना है। बच्चे जितने शिक्षित होंगे उतना आगे बढ़ेंगे। शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। बेहतर शिक्षा, तकनीकी शिक्षा या उच्च शिक्षा को ध्यान में रखते हुए कुरूद विधानसभा में नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, कृषि महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक कॉलेज, लॉ कॉलेज, नर्सिंग होम कॉलेज, भखारा महाविद्यालय, नवीन महाविद्यालय सिर्री में तीनों संकाय बीएससी, बीकॉम, बीए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कुरूद बहुत आगे निकल चुका है। कुछ शिक्षा ऐसी है जैसे पॉलीटेक्निक कॉलेज, नर्सिंग होम, वकालत की पढ़ाई जिसमें आपको शासकीय नौकरी नहीं मिल पाती है तो स्वरोजगार की दिशा में आप काम कर सकते हैं। मनुष्य जितना शिक्षित होगा, उतना ही सबल होगा। गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी ने कहा कि कुरूद विधानसभा व्यापक रूप से शिक्षा का हब बन चुका है।

मौके पर गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद, मनीषा साहू जनपद सदस्य, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, श्रीराम श्रीहोल सरपंच, डॉ लोकेश साहू भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, एचआर गेंडरे प्राचार्य, थानेश्वर तारक महामंत्री, रामखिलावन साहू समिति अध्यक्ष, दीनदयाल साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष, भगवानीराम साहू, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, ईश्वरी तारक पूर्व सरपंच, हरिशंकर साहू सरपंच संघ अध्यक्ष, थानेश्वर साहू समिति अध्यक्ष, रूपचंद देवांगन, त्रिलोचन साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष, नरेंद्र ध्रुवंशी समिति अध्यक्ष, जयमित्र साहू सरपंच गोजी, रामजी साहू सरपंच धूमा, गज्जू साहू पूर्व सरपंच, पवन साहू पूर्व सरपंच, देशांत सिन्हा सरपंच सिर्री, लेखराम सिन्हा, इंद्रनारायण साहू, गणेश तारक, महेश साहू, महेंद्र साहू, योगेश साहू, राजेंद्र साहू, डागेश सेन, देवेंद्र साहू, हाईस्कूल, माध्यमिक, प्राथमिक शाला के शिक्षकगण व विद्यार्थीगण व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। मंच संचालन थानेश्वर तारक महामंत्री व आभार प्रदर्शन दीनदयाल साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष ने किया।

# छत्तीसगढ़ का पारंपरिक परिधान पहनकर मनाया हरेली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



छत्तीसगढ़ का प्रथम त्योहार हरेली वार्ड क्र. 1 में प्रयास महिला स्वयंसेवी संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ का पारंपरिक परिधान पहनकर कृषि औजारों एवं छत्तीसगढ़ महतारी की सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के लिए नृत्य एवं खेलकूद का कार्यक्रम रखा गया था।

मौके पर वार्ड क्रं 1 के पार्षद उत्तम साहू, वार्ड क्र. 12 की पार्षद राखी चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता अग्रवाल, पुष्पा सिन्हा, प्रयास महिला स्वयंसेवी संस्थान की सदस्य अध्यक्ष डुमेश्वरी कोसरिया, उपाध्याय झामिन साहू, सचिव फुलेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष डिगेश्वरी साहू, संतोषी साहू, सतरूपा साहू, बिमला साहू, धनेश्वरी निषाद, पूर्णिमा साहू, लक्ष्मी साहू, मीनाक्षी चौहान, नर्मदा साहू, ग्राम गोजी की समिति अध्यक्ष केंवरा साहू, उपाध्यक्ष उमेश्वरी साहू समेत अन्य महिलाएं सम्मिलित हुईं।

## पोतों के साथ लिया गेड़ी का लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम बेलरगांव में 60 वर्षीय चुन्नुलाल साहू ने हरेली त्योहार की परंपरा को बनाए रखने के लिए अपने कृषि औजारों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने अपने पोतों के साथ गेड़ी का लुत्फ भी उठाया। उन्होंने कहा कि हरेली त्योहार पर गेड़ी चढ़ने का अलग ही आनंद है।



कृषि औजारों की पूजा-अर्चना कर चीला रोटी का भोग लगाया गया

# उमरगांव में हरेली पर्व धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ग्राम उमरगांव में हरेली पर्व धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली सावन माह की अमावस्या को मनाया जाने वाला पर्व है। यह पर्व धार्मिक, सांस्कृतिक और कृषि में विशेष महत्व रखता है। जब खेत खलिहान हरियाली की मखमली चादर ओढ़ लेता है एवं खेतों में धान की बुआई लगभग पूरी हो जाती है तब यह उत्सव मनाया जाता है। हरेली शब्द हरियाली और समृद्धि का प्रतीक है। यह पर्व छत्तीसगढ़ी कृषकों के लिए चार प्रमुख अमावस्या में से सबसे पवित्र माना जाता है। यह छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार है जो हमारे कृषि परंपरा पर आधारित है।

इस दिन कृषि कार्यों को पूरी तरह से बंद रखकर सुबह से ही खेतों में पहुंचकर नीम अथवा भेलवा की शाखा को खेत में गड़ाकर उसे पानी, दूध से आचमन कर धूप इत्यादि होम डालकर पूजा-अर्चना करते हैं। कृषि औजारों को खेतों से घर में लाकर साफ सफाई कर उसकी पूजा अर्चना की जाती है। प्रसाद स्वरूप चीला रोटी का भोग लगाते हैं। इस दिन मवेशी चराने वाले यादव बंधुओं द्वारा गौठान में जंगली जड़ी बूटियों का वितरण किया जाता है। इन जड़ी बूटियों को मनुष्यों के अलावा मवेशियों को भी खिलाया जाता है। यह विभिन्न रोग व्याधियों को दूर करने के लिए सहायक होती है।

## ग्राम बकली, रावनगुड़ा और सिवनीकला में श्रावणी रामायण



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम बकली, रावनगुड़ा और सिवनीकला में कई वर्षों से सावन मास में श्रावणी रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इससे गांवों का माहौल भक्तिमय हो गया है। इस आयोजन में जागेश्वर साहू, अंकालुराम, रामेश्वर साहू, राधेश्याम साहू, नूतन साहू, रेलहालाल साहू, बलेन्द साहू सहित अन्य लोगों का सहयोग मिल रहा है।

# प्रतियोगी परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं नगरी अनुविभाग के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिये सीजीपीएससी, अग्निवीर, एसएससी, रेलवे, छग व्यापम आदि की आगामी परीक्षा के लिए 25 जुलाई से माह नंवबर के प्रथम सप्ताह तक कुल 4 माह तक निःशुल्क प्रशिक्षण कोचिंग का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी प्रो.लालमन बेरवंश ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिये कड़ी मेहनत और अभ्यास जरुरी है। शिक्षक श्री पटेल द्वारा मैथ्स और रीजनिंग एवं पटेल मैडम ने भारतीय संविधान पर जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 45 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

### श्रम पंजीयन शिविर 1 से

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निर्माण स्थलों और ग्राम पंचायतों में श्रमिकों के पंजीयन के लिए लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 1 से 14 अगस्त को श्रम पंजीयन शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए श्रम पदाधिकारी ने अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि एक अगस्त को धमतरी के भवन निर्माण कार्यस्थल बालाजी कालोनी, 4 अगस्त को कुरूद के भेलवाकूदा, 5 को मगरलोड के भवन निर्माण कार्यस्थल धौराभाठा (नवा), 6 को नगरी के बस स्टैण्ड के पास चुरियारापारा में, 7 को धमतरी के भवन निर्माण कार्य स्थल जोधापुर, 8 को कुरूद के जीजामगांव, 11 को मगरलोड के ग्राम पंचायत करेली छोटी स्थित नाली निर्माण कार्यस्थल, 12 को धमतरी के ग्राम पंचायत भानपुरी में भवन निर्माण कार्यस्थल, 13 को कुरूद के भखारा स्थित मेन रोड में कॉम्पलेक्स निर्माण कार्यस्थल और 14 अगस्त को मगरलोड के तेन्दूभाठा स्थित भवन निर्माण कार्यस्थल में शिविर आयोजित होंगे।

# बच्चों के सपने को शिक्षक करते हैं साकार

- खिसोरा में संकुल स्तरीय आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



ग्राम खिसोरा के सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय में आचार्य आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर बूढ़ा भगत समिति के व्यवस्थापक चंदनमल बाफना ने कहा कि प्रशिक्षण से व्यक्तित्व विकास होता है। इससे बच्चों और संस्था का विकास होगा। पालक, बालक, समिति में बेहतर तालमेल होना चाहिए। बच्चे स्कूल में अपने माता-पिता के सपने लेकर आते हैं और उन्हें शिक्षक साकार करते हैं। समिति उपाध्यक्ष नारायण पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण से दक्षता में और निखार आता है।प्रशिक्षण का प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। कोषाध्यक्ष नंदकुमार साहू ने कहा कि बच्चों को प्रशिक्षण का भरपूर लाभ मिले।

सरपंच राखी साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कार, नैतिक और अनुशासन की शिक्षा मिलती है। छोटे से पौधे रूपी बच्चों को बड़ा वृक्ष बनाते हैं। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि संस्कार 16 प्रकार के होते हैं जो गर्भ संस्कार से अंतिम संस्कार तक होता है। उन्होंने शिक्षा के साथ साथ संस्कार को पहली प्राथमिकता दी। जब एक स्त्री एक बच्चे को जन्म देती है तब वह मां बनती है। मां बच्चे के अनुकूल कार्य करती है तब बच्चे स्वस्थ और संस्कारवान बनते हैं। मुख्य अतिथि नरसिंग पटेल, अध्यक्ष जागेश्वर साहू, उपसरपंच इंदु पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष विष्णु साहू ने भी संस्कार और शिक्षा पर बात रखी। इस मौके पर संकुल समन्वयक चेलाराम पटेल, प्रधानाचार्य शंकर साहू, नूतन साहू, गजानंद साहू, रूपेश साहू, गोविंद साहू, ओमप्रकाश साहू, नूतन साहू, सन्तु यादव, वेदराम सिन्हा, जागेश्वर कश्यप, रामसिंग ध्रुव, गौरीशंकर, दीपक पटेल, रामकुंवर यादव, राधेश्याम, ललित पटेल समेत स्कूल स्टाफ मौजूद था।

द्वितीय कालखंड में हरिराम साहू शिक्षक ने चर्चा परिचर्चा में संस्कार की महत्ता और व्यवहार को लेकर चर्चा की। तृतीय कालखंड में दीपक पटेल प्राचार्य ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी दी। बताया कि नई शिक्षा नीति में स्थानीय मातृभाषा में शिक्षा दी जाएगी। बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा, कम्प्यूटर गतिविधि आधारित शिक्षा समेत बोर्ड परीक्षा की वार्षिक परीक्षा अब सेमेस्टर में होगी। बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा देने पर जोर दिया। संकुल समन्वयक ने सरस्वती शिशु मंदिर की योजनाओं पर चर्चा की। नवीन पाठ्यपुस्तक और स्कैनिंग संबंधित जानकारी साझा की गई। वहीं जिस विद्यालयों में दर्ज संख्या कम और अधिक है, उसका कारण जाना गया।

छत्तीसगढ़ी खेलकूद में बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

# हरेली तिहार पर खिसोरा में रोपे गए नीम के 25 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड





ग्राम खिसोरा में हरेली तिहार के अवसर पर मातृभूमि अधिकारी कर्मचारी संगठन द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम एवं देशी-खेलकूद का आयोजन किया गया।

पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत सरपंच राखी साहू द्वारा नीम का पौधा रोपकर की गई । संगठन के सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के साथ मिलकर शीतला तालाब से लेकर कुकरी नाला तक कुल 25 नीम के पौधे रोपे। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। इसके बाद गांधी चौक में कुर्सी दौड़, रस्साकसी, फुगड़ी, गुब्बारा फोड़ जैसे देशी खेलकूद का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों सहित बड़े-बुजुर्गों एवं महिलाओं ने भाग लिया। पुरस्कार प्रदान किया गया।

मौके पर संगठन अध्यक्ष उत्तम साहू, सचिव हरिशंकर पटेल, संरक्षक नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष जितेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष विजयदीप कश्यप, मीडिया प्रभारी तोषण मरकाम सहित सदस्यगण नीलकमल साहू, कोमल निर्मलकर, खूबचन्द पटेल, तेजराम पटेल, ऋषि पटेल, महेंद्र पटेल, दिनेश बंसोर, हितेश बंसोर, डिहूर निषाद, भूपेंद्र बंसोर, गजानंद साहू शिक्षक, छबिलाल साहू सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद थे। मंच संचालन जितेंद्र साहू ने किया।

## डांडेसरा में हुआ न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में रसोईया श्रीमती सरिता साहू ने अपनी पुत्री वेदिका साहू के जन्मदिन पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान शाला के छात्र-छात्राओं को केला एवं चॉकलेट दी गई। इस अवसर पर प्रधानपाठक उर्वशी चन्द्राकर, शिक्षक शहनाज बानो, अनीता साहू, किरण कुमार साहू, टिकेश्वर साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### महिला मंच ने सैनिकों के लिए राखी भेजी

**धमतरी।** महिला मंच सिन्हा समाज डोड़की की महिलाओं ने देश की सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए राखी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जमा की। मौके पर श्रीमती हितेश्वरी सिन्हा, खोमेश्वरी सिन्हा, भोजकुमारी सिन्हा, नीरा बाई सिन्हा मौजूद थीं।

### हरेली पर गेड़ी और विविध खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं

**कांकेर।** हरेली त्योहार के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत माटवाड़ा लाल में गेड़ी प्रतियोगिता समेत अन्य विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। गेड़ी प्रतियोगिता समेत, बोरा दौड़, चम्मच दौड़, मुर्गा दौड़, स्लो साइकिल रेस, बिस्किट कूद, मटका फोड़ समेत अन्य कई खेलों का आयोजन किया गया और सभी को प्रोत्साहन के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। ग्राम के उपसरपंच रोशन साहू ने कहा की उद्देश्य सिर्फ एक है एकता, सौहार्द व हमारा पारम्परिक त्यौहार के पहचान को जीवित रखना व हमारे बुज़ोर्गो के समय के पुरातन धरोहरो को समस्त युवा पीढ़ी को अवगत करना। ग्राम पंचायत माटवाड़ा लाल के सरपंच भावेश गोटा, रुपेश्वर कोर्राम, पंच सतयुग कोड़ोपी, शिवदास नेताम, दुर्गेश नेताम, पीयूष सलाम, प्रीतम साहू समेत समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### सर्पदंश से युवती की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 18 वर्षीय जबा मंडल का सर्पदंश से मौत हो गया। पीव्ही 39 इंद्रप्रस्थ निवासी नरेश मंडल ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी जबा मंडल को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए सीएचसी पखांजुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गया।

### स्वास्थ्य खराब होने से युवती की मौत

**कांकेर।** कोयलिबेड़ा थानांतर्गत 20 वर्षीय उमेश्वरी दुग्गा का तबियत खराब होने के कारण 21 जुलाई को मौत हो गया। सीएचसी कोयलिबेड़ा के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका का तबियत रात को अचानक खराब हो गया। सीएचसी में इलाज के लिए लाया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### लाखों की धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**पखांजुर।** निजी कंपनी में कंपनी के पूर्व कर्मचारी द्वारा लाखो के धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में जांच जारी है और अन्य लोगो के भी संलिप्त होने की जानकारी मिलने पर पुलिस उनकी तालाश में जुट गई है। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड शाखा पखांजुर के शाखा प्रबंधक ने 23 जुलाई को थाना पखांजुर में शिकायत दर्ज कराया कि उनके संस्थान के पूर्व कर्मचारी प्रसन्नजीत बाला उर्फ मिलन पिता भावेश बाला सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था, जिसका दायित्व ऋण प्राप्त ग्राहकों से मासिक किश्तें एवं समापन राशि वसूल कर कंपनी में जमा करना था।

### तार बाड़ी के करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, पुलिस जाँच में जुटी

**कांकेर।** खेत के जंगली जानवर न घूसे कहकर तार बाड़ में विद्युत करेंट लगाने से एक किसान की करेंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। करेंट फैलाने वाले किसान के खिलाफ कार्यवाही किया गया। विवेचना में पाया गया कि 6 जुलाई की सुबह साढ़े 11 बजे मृतक सुखराम पोटाई का ट्रैक्टर ड्राईवर प्रेम सिंह कोरेटी जो सुरज लाल कोर्राम निवासी बोरगांव के खेत में ट्रेक्टर से जोताई काम कर रहा था, जिसे सुखराम पोटाई बताने के लिए गया था कि जोताई काम पूरा होने के बाद हमारे खेत को जोताई करना कहकर सुरज लाल कोर्राम के खेत को देखा रहा था। उसके बाजू में बोरगांव निवासी मंशाराम कोर्राम पिता कुंवर सिंग का भी खेत लगा है, जहां मंशाराम कोर्राम के द्वारा खेत के चारो ओर लोहे के तार से घेरा किया हुआ है।

---

तहसील सर्व आदिवासी समाज नगरी ने प्रस्ताव पारित किया

# जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को भखारा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में विश्व आदिवासी दिवस पर्व मनाने इन दिनों जोर शोर की तैयारी चल रही है। पर्व की तैयारी को लेकर तहसील सर्व आदिवासी समाज नगरी ने ब्लाक मुख्यालय स्थित सामाजिक भवन में 23 जुलाई को बैठक हुई। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज नगरी के अध्यक्ष उमेश देव के मार्गदर्शन में विगत 20 जुलाई को जिला स्तरीय बैठक के प्रस्तावित मुद्दे पर चर्चा हुई। इस दौरान जिला सर्व आदिवासी समाज के निर्देशानुसार जिला चक्रीय क्रमानुसार इस साल भखारा ब्लाक मुख्यालय में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस मनाना प्रस्तावित है। यह भी प्रस्ताव पारित हुआ कि नगरी विकासखंड में भी इस साल 10 जुलाई को तहसील स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम होगा। आगामी दिनों में कार्ययोजना बनेगी।



बैठक में ध्रुव गोंड समाज के तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र ध्रुव, राम प्रसाद मरकाम संरक्षक तहसील गोड़वाना समाज नगरी ,हलधर शार्दुल, अरविन्द नेताम तहसील उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज नगरी, सुरेन्द्र राज ध्रुव मीडिया प्रभारी, पूरन नेताम महासचिव, शशि ध्रुव संरक्षक, शत्रुघन साक्षी संरक्षक, नवीन गौर, दलगंजन मरकाम, हेमलाल मरकाम, खिंजन कश्यप, माखन ध्रुव, टेश्वर सिंह ध्रुव, शशिकला ध्रुव, बुधन्तीन ध्रुव, राधिका साक्षी, सुनीता ध्रुव, बिलेश्वरी ध्रुव, गोलू नेताम सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में उत्कृष्ट समिति अध्यक्षों एवं किसानों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी





छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर द्वारा सहकारी समिति कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन माह अगस्त में आयोजित किया जायेगा। इस दौरान उत्कृष्ट समिति, अध्यक्षों एवं किसानों का सम्मान किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात करने विधानसभा पहुंचे, लेकिन वहां भेंट नहीं होने के बाद मंत्रालय में भेंट मुलाकात कर कार्यक्रम में आने आमंत्रण दिया गया है। इस दरम्यान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से भी भेंट की गई। इस अवसर पर ललित साहू समिति अध्यक्ष छाती, कांतिलाल जैन रायपुर, विजय ठाकुर संरक्षक रायपुर, रोहित साहू धमतरी, अर्जुन सोनकर धमतरी उपस्थित थे। यह जानकारी नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने दी।

# निगम के कांजी हाउस का गेट खोलकर 25 मवेशी ले गए

- लिखित सूचना के बाद आज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अर्जुनी स्थित निगम के कांजी हाउस में रखे गए 25 मवेशियों को कोई व्यक्ति गेट खोलकर ले गया। यह घटना मंगलवार की रात की है। इसकी लिखित सूचना प्रभारियों ने निगम को दे दी है। इसकी एफआईआर शनिवार को थाने में दर्ज कराई जाएगी।

इधर जानकारी मिली है कि कांजी हाउस से निकले मवेशी अपने मालिकों के घर पहुंच गए हैं। स्थायी रूप से यहां रखे 56 मवेशी कांजी हाउस में सुरक्षित हैं। कांजी हाउस से ले गए सभी मवेशी मंगलवार को ही पकड़े गए थे जिसे रात में गेट खोलकर छुड़ा लिया गया। प्रभारी दीपक पांडे ने बताया कि लिखित जानकारी मिल गई है। एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।



# कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की जरुरत

- वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी ने ली राजीव भवन में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



संगठन को बूथ स्तर पर सशक्त और सक्रिय बनाने के लिए राजीव भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी शामिल हुए।

श्री तिवारी ने कहा कि ब्लाक, मंडल, सेक्टर कमेटी का शीघ्र गठन कर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाना है। कांग्रेस पार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने की जरुरत है। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस की आवाज तभी प्रभावशाली होगी जब कांग्रेस कार्यकर्ता हर गली, मोहल्ले, पंचायत तक संगठित और सक्रिय रहेंगे। मंडल सेक्टर कमेटियों के गठन से यह सुनिश्चित होगा कि पकड़ हर गांव, गली तक हो। श्री तिवारी ने बैठक में सभी ब्लाक अध्यक्ष, प्रभारी को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में सभी मंडल, सेक्टर कमेटी का गठन कर रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत करे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने जोन सेक्टर, बूथ, स्तर पर विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक गुरुमुखसिंह होरा, लक्ष्मी ध्रुव, लेखराम साहू, पूर्व महापौर विजय देवांगन, मोहन लालवानी, पंकज महावर, विपिन साहू, आलोक जाधव, आनंद पवार, कविता बाबर, आनंद पवार, कविता बाबर, तपन चंद्राकर, गोपाल शर्मा, विजय प्रकाश जैन, एमएल ध्रुव, करण चंद्राकर, वसीम कुरैशी सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जर्जर पशु चिकित्सालय भवन की होगी मरम्मत



- जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने नगर स्थित पशु चिकित्सालय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर पाई गई, जिसे लेकर उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन का मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेन्द्र शुक्ला, खेमेन्द्र साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आयुष पॉलीक्लिनिक में 400 बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला आयुष पॉलीक्लिनिक में बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया गया। सामाजिक कार्यकर्ता चेतन हिंदूजा एवं देवेश अग्रवाल, प्र. जिला आयुष अधिकारी डॉ. अवध पचौरी की उपस्थिति में 400 बच्चों को स्वर्ण प्राशन का ड्रॉप पिलाया गया। श्री हिंदूजा ने कहा कि स्वर्णप्राशन कार्यक्रम छोटे बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। स्वर्णप्राशन से बच्चों के वजन में वृद्धि, कुपोषण में कमी, रोग प्रतिरोधक क्षमता में विकास, स्मरण शक्ति का बढ़ना, पाचन तंत्र में सुधार होता है। प्रति माह 27 दिन में आने वाले पुष्य नक्षत्र में 0 से 16 साल की उम्र के बच्चों को शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक में स्वर्णप्राशन दिया जाता है।

देवेश अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद में सभी रोगों का इलाज है। प्र. जिला आयुष अधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति व्यक्ति के समग्र कल्याण पर केंद्रित है। शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को ध्यान में रखती है। आगे कहा कि वर्षा ऋतु में बच्चों को बुखार, उल्टी, दस्त की शिकायत रहती है। बच्चों को उबला पानी, हल्का खाना दें एवं पैकेट बंद वस्तुएं खाने को न दें।

# मंत्री ने दिव्यांग मित्र को दिया रेलवे कंसेशन कार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के दिव्यांग मित्र डेरहाराम को रेलवे कंसेशन कार्ड सौंपा। इससे वह अपने एक साथी के साथ रेलवे में सफर कर सकता है। इसमें साथी का पच्चीस प्रतिशत टिकट लगेगा और दिव्यांग को पूरी छूट मिलेगी। ज्ञात हो कि छग समाज कल्याण विभाग रायपुर दवारा अस्सी प्रतिशत दिव्यांगता होने पर यह कार्ड डीआरडी आफिस रेलवे विभाग में निःशुल्क बनाया जाता है। इसके लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मेडिकल प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आदि कागजात लगता है। इस अवसर पर घनश्याम सिंह साहू, डेरहाराम, बसंत कुमार विश्नोई, रोहित, सुलोचना, सुलेखा अली, संतोषी, शिवचरण आदि उपस्थित थे।

## नगरी अस्पताल फ्रेक्चर वाले मरीजों के लिए बना रेफर सेंटर

# दो मोटरसाइकिल आपस में भिड़ी, चालकों के पैर टूटे

- हड्डी रोग विशेषज्ञ, प्लास्टर बांधने कर्मचारी, एक्स-रे करने वाले एक्सपर्ट की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





नगरी विकासखण्ड में पोला तिहार के दिन विभिन्न जगहों पर सड़क दुर्घटना हुई। नगरी ब्लाक के बेलर भूमिका रोड में दो मोटरसाइकिल आपस में भिडी। दुर्घटना में दोनों का पैर फ्रेक्चर हो गया। उन्हें 108 के माध्यम से नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया । नगरी में हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण तीन मरीजों को एक साथ जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया । इस घटना में मुकेश निषाद पिता नकछेड़ा निषाद उम्र 20 रानीगांव, लोकेन्द्र साहू पिता मेघसिंह साहू भखारा निवासी घायल हुए। दूसरी घटना नगरी के तहसील ऑफिस के पास हुई जिसमें

आशीष साहू पिता महेश साहू 30 वर्ष नगरी के पैर की उंगली फ्रेक्चर हो गई। इन सभी को धमतरी जिला अस्पताल रेफर किया गया। इन सब चीजों को देखते हुए ऐसा लगता है कि नगरी ब्लॉक मुख्यालय का इतना बड़ा अस्पताल क्या रेफर सेंटर बन गया है । कुछ लोगों का कहना है कि आए दिन एक्सीडेंट होते रहता है। कभी किसी का हाथ फ्रेक्चर हो जाता है कभी किसी का पैर फ्रेक्चर। यहां एक एक्सरे मशीन जरूर रखी गई है



अरविंद यादव

जब पता चलता है कि हाथ, पैर कमर, फ्रेक्चर है तो तुरंत उसे जिला अस्पताल धमतरी रिफर कर दिया जाता है। इस अस्पताल में एक हड्डी रोग विशेषज्ञ और एक प्लास्टर लगाने की सुविधा क्यों नहीं है। यहां के जनप्रतिनिधियों ने इन सुविधाओं के लिए अगर मांग की होगी तो यहां इस आदिवासी क्षेत्र में यह सुविधा क्यों नहीं दी जा रही है। अगर बोराई क्षेत्र में अगर घटना घटी तो उसे 35 किलोमीटर नगरी अस्पताल लाया जाता है फिर उसके बाद 65 किलोमीटर धमतरी भेजा जाता है। यहां हड्डी रोग विशेषज्ञ, प्लास्टर लगाने कर्मचारी, एक्स-रे मशीन से एक्स-रे निकालने वाले एक्सपर्ट की आवश्यक है।

एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अरविंद यादव घायल व्यक्ति के साथ नगरी अस्पताल आया था। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा हॉस्पिटल होने के बाद यह सिर्फ रेफर केंद्र नजर आता है जबकि यहां पर हड्डी रोग विशेषज्ञ और प्लास्टर बांधने वाले की कमी नजर आती है जबकि हमारा यह आदिवासी क्षेत्र कहलाता है। यह ब्लॉक इतना बड़ा है कि जिले से 70 किलोमीटर दूर तक के मरीज नगरी के शासकीय अस्पताल में अपना इलाज करने के लिए आते हैं अगर पूरी सुविधा मिल जाती है तो लोगों को 65 किलोमीटर चलकर जिला अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। शासन प्रशासन को चाहिए कि यहां इन सुविधाओं को जल्द चालू किया जाए।

बीएमओ डॉ एके नेताम ने कहा कि हड्डी रोग विशेषज्ञ और प्लास्टर बांधने की सुविधा सिविल हॉस्पिटल में नहीं है जिसके कारण मरीजों को धमतरी जिला मुख्यालय रिफर किया जाता है ।

# बारिश में नाली निर्माण कार्य से ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम सिलौटी में रोड किनारे पक्की नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। नाली निर्माण के लिए मिट्टी की खुदाई कर उसे रोड किनारे ही छोड़ दिया गया है। बारिश में मिट्टी बहकर रोड पर आ गई है। रोड पर चलने वाले लोग एवं स्कूली बच्चे सड़क पर फिसलकर गिर रहे हैं। जब चारपहिया वाहन आता है तो उसे साइड देने के लिए सोचना पड़ता है। लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि जुगदेही में चल रहे नाली निर्माण कार्य में भी अनियमिता पाई गई है। यहां बनाई जा रही नाली भी बारिश में दो बार ढह गई है।

## खबर संक्षेप



### 151 पौधों का रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**धमतरी।** भटगांव में 151 पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधे लगाए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर फागुराम साहू सरपंच, डामन साहू उपसरपंच, भेदू धुव्र, केशव साहू, भागीराम साहू, मुकेश साहू, तोरण धुव्र, राजकुमार देवगांन, त्रिलोचन साहू, दीपक साहू, प्रकाश सिन्हा, मोंटी साहू, प्रवीण साहू, रोशन साहू, भेनु साहू समेत सेवा समिति के सदस्य मौजूद थे।

### रेत से भरा हाइवा किसके संरक्षण में चल रहा है : योगेश



**धमतरी।** जिले में रेत के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन का मामला लगातार सामने आ रहा है। माइनिंग बंद के दरम्यान भी रोजाना हाइवा का रेला शहर में लगा रहता है। आखिर किसके संरक्षण में संचालित हो रहा है। उक्त बातें कांग्रेस नेता योगेश शर्मा ने कही। आगे श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा नेताओं और अधिकारियों की सांठ-गांठ से चल रहे इन अवैध कार्यों पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। एक माह पूर्व खनिज अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई थी। उसके बाद से अवैध परिवहन करने वालों के लिए मैदान खुला छोड़ दिया गया है।

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष ने नारी, कोकड़ी में संचालित ग्रामोद्योग का किया निरीक्षण

# लघु उद्योगों से महिला सशक्तिकरण को मिलेगा नया आयाम : पांडेय

■ जिले में नई इकाइयों की स्थापना पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने विकासखंड कुरूद अंतर्गत ग्राम पंचायत नारी और कोकड़ी का भ्रमण कर वहां संचालित ग्रामोद्योग गतिविधियों का निरीक्षण किया। यह भ्रमण जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन और जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया।





निरीक्षण के दौरान श्री पांडेय ने हाथकरघा, माटीकला, रेशम धागाकरण सहित विभिन्न पारंपरिक एवं लघु उद्योगों के संचालन को देखा और सराहना की। उन्होंने इन कार्यों को महिला सशक्तिकरण, नवाचार और स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। श्री पांडेय ने कहा कि ग्रामोद्योग से न केवल ग्रामीणों की आय में वृद्धि होती है, बल्कि यह स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का भी माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर ग्राम पंचायत में कम से कम एक ग्रामोद्योग इकाई स्थापित हो, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो।

निरीक्षण के दौरान ग्रामोद्योग विभाग रायपुर के उपसंचालक पंकज अग्रवाल, पंचायत विभाग धमतरी के उपसंचालक, जपं सीईओ कुरूद एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। अधिकारियों ने बोर्ड अध्यक्ष को ग्राम स्तर पर चल रही गतिविधियों, समूहों की भागीदारी, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा उत्पाद विपणन की जानकारी दी। श्री पांडेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के अन्य ग्रामों में भी इसी तर्ज पर इकाइयां विकसित की जाएं और स्व-सहायता समूहों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और विपणन के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराए जाएं।



## जीवन का कारवां खत्म होने से पहले जीवन को सफल बनाना है : प्रशम सागर

■ पार्श्वनाथ जिनालय में संतों का प्रवचन सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में संतों का प्रवचन जारी है। प्रशम सागर मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि जब जीवन में बचपना होता है तब-तब खिलाते हैं और आनंद की अनुभूति करते हैं। बचपन उस खिले हुए फूल की तरह होता है जो सबको अपनी ओर आकर्षित करता है। जीवन में जब जवानी आएगी तो सारा जमाना तेरी तारीफ करेगा। तेरी फूल जैसी काया को देखकर हर कोई तुझे मनाने का, लुभाने का प्रयास करेगा। तेरे निकट आने का प्रयास करेगा। जीवन में जब बुढ़ापा आएगा तो अपने भी पराए हो जाएंगे। जो बचपन और जवानी में तेरे निकट रहे हैं, जो तुझे अपना मानते थे। बुढ़ापा आने पर वे सब दूर हो जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि जीवन का कारवां खत्म होने से पहले जीवन को सफल बनाना है। अवसर चूकने के बाद कोई साथ नहीं रहता। तेरे कदम साहस के साथ जब सफलता की ओर बढ़ेंगे तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी। चातुर्मास काल में जिनवाणी के माध्यम से आत्मा को सजाने का प्रयास करना है। परमात्मा की वाणी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि पहले उन्होंने अपने जीवन में उतारा है फिर हमें वैसे ही जीवन जीने को कहा है। अर्थात परमात्मा ने परम सुख की प्राप्ति पहले स्वयं की फिर हमें उस मार्ग को बताया है। जीवन में अगर मन कमजोर हो जाए तो पूरा शरीर उससे प्रभावित हो जाता है। किंतु फिर भी हम शरीर को मजबूत करने जी रहे हैं। हमें जीवन में वस्त्रों के लिए विशेष मोह नहीं रखना चाहिए। वस्त्रों के प्रति रागद्वेष का भाव नहीं होना चाहिए। वस्त्र के कारण कभी भी आत्मा का पतन नहीं होना चाहिए। हम जीवन में शरीर को सुंदर बनाने के लिए वस्त्र को प्राथमिकता देते हैं जबकि ज्ञानियों कहना है कि आत्मा को सजाने के लिए साधना रूपी वस्त्र को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## भिरई के युवाओं ने इस वर्ष तीन सौ से अधिक पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्राम भिरई के युवा लगातार पर्यावरण, स्वच्छता के लिए काम कर रहे हैं। इस वर्ष भी 300 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। 24 जुलाई को हरियाली पर्व के अवसर पर भी पौधे रोपे। इस दौरान लिकेश, खिलेश्वर प्रसाद साहू, महेश्वर प्रसाद साहू, तोमन ठाकुर, छलेंद्र सिन्हा, यशपाल, फलेंद्र सिन्हा, जयंत कुमार, कविंद्र कुमार, नीरज कुमार, फलेंद्र ठाकुर, हेमशंकर समेत अन्य उपस्थित थे। यह जानकारी वेदप्रकाश साहू ने दी।



## समाज के लिए शासन से राशि दिलाने की मांग की

■ मराठा समाज के पदाधिकारियों ने की महापौर से मुलाकात

**धमतरी।** मराठा समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने नगर निगम के महापौर रामू रोहरा से भेंट की। पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व सरकार द्वारा मराठा मंगल भवन के अतिरिक्त कक्ष निर्माण व भवन सुधार के लिए 30 लाख रुपए की राशि घोषित की गई थी जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है लेकिन राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने महापौर से मिलकर उक्त राशि समाज हित में शासन द्वारा प्रदान करने की मांग की। महापौर ने शासन से शीघ्र राशि दिलाले का आश्वासन दिया है। मौके पर समाज के अध्यक्ष दीपक लोंढे, महासचिव अशोक कावड़े, कोषाध्यक्ष महेंद्र गायकवाड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश जाधव, मराठापारा पार्षद सतीश पवार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शक्तिमान बाबर, सचिव सौरभ रणसिंह, सहसचिव आशीष थिटे, पवन जाधव, विनोद जाधव, सुशील पवार, कमलेश पवार समेत अनेक समाजजन उपस्थित थे।



## सशिमं में हरेली पर्व पर हुई कृषि औजारों की पूजा

■ छात्रों को छत्तीसगढ़ी पकवान गुलगुल भजिया, अइरसा, ठेठरी-खुरमी बांटा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा में छत्तीसगढ़ का पहला पारंपरिक पर्व हरेली तिहार मनाया गया। इस अवसर पर कृषि औजारों की विशेष पूजा-अर्चना की गई । गेड़ी दौड़ का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के समापन पर छत्तीसगढ़ी पकवान गुलगुल भजिया, अइरसा, ठेठरी-खुरमी और शक्करपारा का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जितेन्द्र साहू वरिष्ठ आचार्य ने बताया कि हरेली छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण लोकपर्व है। यह पर्व प्राचीन काल से ही कृषि प्रधान समाज का अभिन्न अंग रहा है। हरेली शब्द हरियाली से बना है, जो प्रकृति की समृद्धि और जीवन के नवसंचार का प्रतीक है। इस दिन किसान अपनी मेहनत के बाद प्रकृति और कृषि उपकरणों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। अपने कृषि औजारों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा करते हैं, पशुधन का सम्मान करते हैं और धरती माता से अच्छी फसल व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। गेड़ी चढ़ने की परंपरा इस पर्व को और भी खास बनाती है। अमन राव ने बताया कि हरेली पर्व अन्नदाताओं के अथक परिश्रम को समर्पित है। मौके पर गिरीश पवार, अंगेश सेन, तोरण निर्मलकर, राजकुमार निर्मलकर, भगवती पवार, रेणुका साहू, चन्द्रकला साहू, नेहा गायकवाड़, नेमीन साहू, डिम्पल यदु, रितु साहू, घनेश्वरी साहू समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## आत्मानंद स्कूल कुकरेल में लगी यातायात की पाठशाला

■ छात्रों को सड़क सुरक्षा, साइबर सतर्कता एवं नशामुक्ति की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकरेल में यातायात पुलिस द्वारा यातायात पाठशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी उनि खेमराज साहू ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों, ट्रैफिक सिग्नलों, जेब्रा क्रॉसिंग के महत्व, वाहन संचालन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। छात्रों को बताया कि दाएं-बाएं देखकर ही सड़क क्रॉस करें और हमेशा सड़क की बायीं ओर किनारे चलें।



साइबर सुरक्षा के तहत छात्रों को अज्ञात कॉल्स, संदिग्ध लिंक और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह दी गई। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। नशामुक्ति अभियान अंतर्गत युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवन के लिए नशामुक्त रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर यातायात सउनि बोधन ध्रुव, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र कृदत्त, आरक्षक राजीव साहू व विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मोदी, साय सरकार में छग के मछुआरों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : मटियारा

■ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने ली बैठक, समस्याओं का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनः भरत मटियारा को मछुआ कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके बाद अध्यक्ष भरत मटियारा पूरे प्रदेश के जिलावार मछुआरों की बैठक कर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का आदेश दे रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में वे धमतरी आए और बैठक ली।



इस दौरान नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा आयोग छग शासन, श्रीमती रीता यादव अपर कलेक्टर, रामचरण कोर्राम, अविनाश दुबे जिला महामंत्री भाजपा, पवन गजपाल अध्यक्ष शहर मंडल, कृष्णा हिरवानी पूर्व डायरेक्टर छग मत्स्य महासंघ थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मटियारा ने कहा कि आज हम सभी को सक्रिय एवं जागरूक होने की जरूरत है। केंद्र शासन व राज्य शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। आगे कहा कि मछुआरों के हित में मोदी व साय सरकार द्वारा महती योजनाएं बनाई जा रही हैं। श्री मटियारा ने बताया कि देश की आजादी के बाद यह पहली सरकार है जिन्होंने मछुआरों के लिए 20 हजार 500 करोड़ की राशि एक ही बार में दी है। नेहरू निषाद ने कहा कि आज मछुआरों को वैज्ञानिक पद्धति से मछली पालन करने की जरूरत है। श्री निषाद ने बताया कि ग्राम देमार में एशिया का सबसे बड़ा फिश हैचरी है जिसमें मछुआरों के लिए अपार संभावनाएं हैं। कृष्णा हिरवानी ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा मछुआरों के हित में नई योजना लागू की जी रही है जिसमें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सहयोजना महत्वपूर्ण है। बैठक में मत्स्य अधिकारी मुकेश राघव, लोकेश लावत्रे, श्रीमती सुमन, श्रीमती प्रियंका सहित अन्य उपस्थित थे।

## सलोनी में ग्रामीणों को एक हजार पौधे बांटे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरियाली के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत सलोनी द्वारा ग्रामवासियों को 1000 पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न पारंपरिक खेल गेड़ी दौड़, ठेठरी बनाओ, रस्सीखींच, मटका फोड़, बोरा दौड़, रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पुरस्कार भी बांटे गए। सरपंच रोमी चंदन ध्रुव ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण और लोक परंपरा के बारे में बताया। मौके पर चेतन साहू, भुनेश्वर ध्रुव, उपसरपंच देवेंद्र कुमार साहू, पंचगण लक्ष्मी नागेश, सियाबाई साहू, ममता साहू, देववती, भुनेश्वरी ध्रुव, भूपेंद्र ध्रुव, डगेंद्र ध्रुव, केशर साहू, सोनिया ध्रुव, नरेश दीवान, ओमप्रकाश, विष्णु कंवर, पीतांबर, तारिनी, पूर्णिमा, ईश्वरी, संतोष नेताम, ईशु मरकाम, संतोष नेताम, बोधराम साहू, शिवनाथ साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव ने दी।















